पत्र संख्या-स्था0-1/ चरित्र पंजिका /परिपत्र/ संसूचन/ 2582 / वाणिज्य कर

कार्यालय, कमिश्नर, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।
(चरित्र पंजिका अनुभाग)
दिनांकः लखनऊः 17 नवम्बर, 2021

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त एडीशलन कमिश्नर ग्रेड-2, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त डिप्टी कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त असिस्टेन्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

मुख्यालय के परिपत्र संख्या-स्था0-1/चरित्र पंजिका / परिपत्र / संसूचन / 2892 / वाणिज्य कर दिनांक 21-09-2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वाणिजय कर विभाग में कार्यरत् अधिकारियों की वार्षिक प्रविष्टियों को उनके ईम्पलाई इन्फारमेशन एण्ड मैनेजमेन्ट सिस्टम में जिस तिथि को अपलोड करेंगें, उस तिथि को ही प्रविष्टि की तामीली व संसूचन की तिथि माने जाने के निर्देश दिए गए है।

ज्ञातव्य है कि, वर्तमान में वाणिज्य कर विभाग में कार्यरत् अधिकारियों की प्रविष्टियां अंकित किये जाने हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया विद्यमान है, जिसमें संबंधित अधिकारी के प्रतिवेदक, समीक्षक एवं स्वीकर्ता अधिकारी द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टियां अंकित की जा रही है, जिसके क्रम में वर्ष 2018-19 , 2019-20 एवं 2020-21 हेतु स्वीकर्ता अधिकारी द्वारा ऑनलाइन अंकित की गयी प्रविष्टियों को आई0टी0 अनुभाग द्वारा संबंधित अधिकारियों के ई0आई0एम0एस0 पोर्टल पर प्रदर्शित कर, उनके रजिस्ट्रड सी0यू0जी0 नम्बर पर मैसज भी प्रेषित किया जा रहा है, जहां से सम्बन्धित अधिकारी अपने ईम्प्लाई आई0डी0 व पासवर्ड से लॉगिन कर तत्काल प्रविष्टियों को प्राप्त कर सकता है, जो कि संसूचन हेतु एक सरल व त्वरित प्रक्रिया है। तद्नुसार अधिकारियों की अनुकूल वार्षिक प्रविष्टियों को अलग से संसूचन कराये जाने की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती है। प्रतिकूल वार्षिक प्रविष्टियों को ऑनलाइन संसूचन किये जाने के साथ-साथ मैनुअल रुप में भी संसूचन कराया जाएगा।

उक्तानुसार आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि, आप सभी अपने ई0आई0एम0एस0 पोर्टल का समय-समय पर अवलोकन करना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित अधिकारियों के इम्प्लाई इन्फारमेशन एण्ड मैनेजमेन्ट सिस्टम में प्रविष्टियों को जिस तिथि में प्रदर्शित कराया जाएगा, उस तिथि को ही प्रविष्टि की तामीली व संसूचन तिथि माना जाएगा।

(मिनिस्ती एस.)
कमिश्नर, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।

1. विशेष सचिव, राज्य कर, अनुभाग-04, उत्तर प्रदेश, शासन को सूचनार्थ प्रेषित।
2- एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1/2 (उच्च न्यायालय कार्य) इलाहाबाद / लखनऊ।
3- ज्वाइन्ट कमिश्नर (उच्य न्यायालय / सर्वोच्च न्यायालय कार्य) वाणिज्य कर, इलाहाबाद/लखनऊ/ गाजियाबाद।
4- अपर निदेशक (प्रशिक्षण) वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान गोमतीनगर लखनऊ।
5- ज्वा0कमि0 (आई0टी0) वा0क0, मुख्यालय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

17/11/21

(राजेश प्रताप सिंह चन्देल)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना) वाणिज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।